दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, शुक्रवार 06 सितंबर 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब सेवन कर ड्यूटी आने वाले प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक हुए निलंबित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशन में जिला में शिक्षा व्यवस्था को एक नए आयाम देने जमीनी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग किया जा रहा है। मद्य पान सेवन कर स्कूल आने वाले प्रधान पाठक साधराम खटकर और सहायक शिक्षक सुकुल बाबू भास्कर शासकीय प्राथमिक विद्यालय चारभाठा विकासखंड बिलाईगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किया गया, जिस पर संवेदनशील कलेक्टर धर्मेश साहू ने तत्काल जांच कर प्रतिवेदन जमा करने विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ को निर्देशित किया था, जिसके पालन में विगत 2 सितंबर को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल ने तत्काल प्रभाव से उक्त दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित आदेश मे निलंबन अवधि में दोनो शिक्षकों का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलाईगढ़ किया गया है और निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

### चार डॉक्टरों को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) से नदारद चार डॉक्टरों को ष्टरू॥ह ने नोटिस जारी किया है. जांच के दौरान बीते 31 अगस्त को रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार डॉक्टर अनुपस्थित थे. जबकि रतनपुर क्षेत्र में इन दिनों मलेरिया, डायरिया का प्रकोप फैला है. बताया जा रहा है कि मामले की शिकायत आला अधिकारियों तक पहुंच गई है. रतनपुर क्षेत्र में मलेरिया और डायरिया का प्रकोप है. बड़ी संख्या में पीड़ित इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं. शिकायत पर जांच करने टीम पहुंची तब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चार डॉक्टर अपनी ड्यूटी से नदारत थे. सीएमएचओ ने उन्हें बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टर शीला शाहा, डॉ नेहल झा, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ एम एल कोराम, एनेस्थीसिया निधि कोराम शामिल हैं. स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर कड़ा एतराज जताया है. लोगों को कहना है कि रतनपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला सही तरह से काम नहीं कर रहा, जिसके चलते यहां लगातार मलेरिया और डायरिया से मौतें हो रही हैं.

### पुलिस जवान ने खुद को गोली मारकर किया घायल

**कांकेर (आरएनएस)।** भानुप्रतापपुर में पुलिस जवान ने बैरक में खुद को गोली मार ली है. घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया. ्रस्क्क भानुप्रतापपुर संदीप पटेल ने घटना की पुष्टि की है. मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर के लोहात्तर थाना परिसर के बैरक में जिला पुलिस के जवान जागृत भंडारी ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली. यह घटना आज सुबह करीब 9 बजे की है. आनन फानन में गंभीर रूप से घायल जवान को इलाज के पास के अस्पताल में ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर किया गया है. जवान जागृत भंडारी घोटिया गांव जिला मोहला-मानपुर का निवासी है।

### समिति में धान विक्रय संबंधी कार्य करा सकते हैं किसान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन ने किसानों से धान खरीदी की सुगमता के लिए खरीफ 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई 2024 से पंजीयन प्रारंभ किया है। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करवा सकते हैं एवं वारिसन पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं ताकि धान विक्रय करने वाले किसान कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो।

# प्रदेश के सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में बिछेगा सहकारी समितियों का जाल : सहकारी समितियों को मल्टीपेक्स के रूप में किया जाएगा विकसित

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना होगी साकार
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर सहकारिता सचिव की बैठक

**रायपुर । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना साकार होने जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य के सभी 11 हजार 600 से अधिक ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का जाल बिछाया जाएगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना एवं कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने नवा रायपुर स्थित आपेक्स बैंक के सभागार में बुधवार को संबंधित विभागों सहित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सचिव डॉ. प्रसन्ना और आयुक्त कुलदीप शर्मा ने पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी छह-छह माह इस तरह डेढ़ वर्ष का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा इन पेक्सों में मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी। सचिव डॉ. प्रसन्ना ने कहा कि आगामी खरीफ फसल की खरीदी का समय नजदीक आ रहा है। अत: सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कर ली जाए।



वर्तमान में 2058 सहकारी समितियों और 2739 धान उपार्जन केन्द्र हैं। ऐसे ग्राम पंचायत अथवा ऐसे स्थान जहां दूरी अधिक है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और राज्य के ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस की समीक्षा करते हुए सभी समितियों के डेटाबेस को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सचिव डॉ. प्रसन्ना और आयुक्त कुलदीप शर्मा ने इसी प्रकार उन्होंने विश्व अन्न भंडारण योजना, भारतीय बीज सहकारी समिति, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र, कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-डिस्ट्रिक्स सर्विस की स्थिति सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। यथा संभव समस्त सहकारी संस्थाओं के खाते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अनिवार्यता खोले जाना चाहिए, जिससे सहकारिता का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अपर पंजीयक एच के दोशी, अपर पंजीयक एच के नागदेव,अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक के.एन. काण्डे, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग, दुग्ध महासंघ मत्स्य महासंघ, कॉमन सर्विस सेंटर व प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के राज्य प्रभारी व प्रतिनिधियों सहित अपर पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप पंजीयक, सहायक पंजीयक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की नवाचारी शिक्षिका सुनीता यादव

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन रायपुर में जिले के शिक्षक पूनम सिंह साहू और सुनीता यादव को राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। सुनीता यादव की नियुक्ति वर्ष 2008 में शिक्षक पद पर शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी विकासखंड बरमकेला में हुआ, तब से लगातार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए वे कार्य कर रही है। राज्य में वे एक नवाचारी शिक्षिका के रूप में जानी जाती है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत समझ के साथ पढ़ना सिखाने हेतु शिक्षा विभाग में" सुग्घर पढवैईया" योजना में शत -प्रतिशत ने अपनी दक्षता दिखाकर प्लेटीनम स्थान प्राप्त किया। भारत में अंग्रेजी की सबसे बड़ी प्रतियोगिता वर्ड पावर चैंपियनशिप 2023 में



इनकी छात्रा नंदिनी चौहान विजेता बनकर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। 2024 में रेणु पटेल ने छत्तीसगढ़ में उपविजेता बनकर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। धीरे धीरे यह वर्ड पावर चैंपियनशिप का गढ़ बनते जा रहा है। शिक्षिका सुनीता यादव स्वंय के व्यय से बच्चों के लिए रैंप निर्माण, स्थानीय भाषा में लोक साहित्य पर आधारित कहानी लिख कर बच्चों का समझ विकसित कर रही है।

बच्चों को हाट -बाजार में ले जाकर अनुभव आधारित शिक्षा पर कार्य करती है। सामुदायिक भागीदारी से बच्चों के लिए स्वेटर, जूते मोजे, बैग पानी बोतल,स्टैशनरी,पी टी ड्रेस, गणवेश आदि की व्यवस्था करती है। प्रतियोगिता के लिए कार्य, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु निशुल्क घर में बच्चों को पढ़ाती है। शिक्षिका सुनीता यादव को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान भी प्राप्त हो चूका है,अब तक इन्हें 100 पुरूस्कार प्राप्त हो चुका है। शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर ये दो बार हमारे नायक बन चुकी है। कोरोना काल में पूरे गांव के दीवारों पर इन्होंने प्रिंट रिच वातावरण निर्मित किया था। स्वंय के व्यय से आनलाइन क्लास के लिए लैप टाप की व्यवस्था की। बच्चों को शिक्षा मे जोड़ के रखने के लिए स्वयं के व्यय से तीन वालिंटियर भी रखे। शिक्षिका सुनीता यादव ने घर घर पठन अभियान,एफ एल एन हीरो, सामाजिक शैक्षिक अंकेक्षण,आइ एम स्पीड रीडर की शुरुआत की है। डिजिटल कौशल विकास हेतु बच्चे रिपोर्टिंग, ब्लॉगिंग,रील आदि सीख रहे हैं।

कलेक्टर धर्मेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल, विकास खंड विकास अधिकारी नरेंद्र जांगड़े, पूर्व बी आर सी सी प्रेम नायक, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े,व एस एन भगत व डा वर्षा बंसल ने बधाई दी हैं। शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी की समर्पित प्रधान पाठक सरिता सिदार व सक्रिय शिक्षिका कुसुम साहू ने ढेरों बधाइयां दीं हैं। सुनीता यादव इस सफलता का श्रेय बलदाऊ सिंह श्याम, राज्यपाल पुरस्कार सम्मानित डी मालाकार, व्याख्याता, साथी शिक्षक सरिता सिदार, कुसुम साहू व अपने पति नंदकुमार यादव व बेटी सृजना नंदकुमार यादव को देती है। उन्होंने कहा कि खिचरी ग्राम को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सरपंच व मनोहर पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता रखें जनसामान्य-सीएमएचओ

**रायगढ़**

सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के मौसम में सर्पदंश के प्रकरण अधिकांश पाये जाते है जिसमें सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़ फूंक में ज्यादा यकीन रखते है और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते है जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्वाधिक मामले विकासखंड लैलूंगा और धरमजयगढ़ में आते हैं और यहां के लोग ज्यादातर झाडफ़ूंक के चक्कर में समय व्यतीत करते है। इसे ध्यान में रखते हुए समस्त खं्ाड चिकित्सा अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सको को सर्पदंश के इलाज हेतु एन्टी स्नेक वेनम एवं अन्य जरूरी संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन के माध्यम से विकासखंड में प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता रखते हुए यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश हुआ है तुरंत ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु जाए, देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है जिससे गंभीर स्थिति निर्मित होती है। साथ ही झाड़-फूंक में समय व्यतीत न करें और समय रहते अपना इलाज कराकर जीवन बचायें।

## छत्तीसगढ़ रोजगार एप: रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं पूर्व पंजीयन के नवीनीकरण की मिलेगी सुविधा

**रायगढ़**

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.रायपुर के आदेशानुसार प्रदेश के युवाओं के हित में छत्तीसगढ़ रोजगार एप विकसित किया गया है। एप का उद्देश्य युवाओं को त्वरित रोजगार सहायता उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ रोजगार एप गूगल प्ले स्टोर एवं विभागीय वेबसाईट https://erojgar.cg.gov.in पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ रोजगार एप में कभी भी कही से भी रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं पूर्व पंजीयन के नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध है। सत्यापन आधार नंबर आधारित ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। रोजगार एप से आवेदकों को भौतिक सत्यापन हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आने की आवश्यकता नहीं है। आवेदक के पंजीयन पत्रक (एक्स-10)डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। विभिन्न प्रकार की रिक्तियों की अद्यतन सूचना एवं जानकारी की उपलब्धता एवं रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प की विस्तृत जानकारी की उपलब्धता है। एप डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड एवं टोल फ्री नंबर 1800-233-2203 में संपर्क कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

## रायगढ़ में अवैध शराब पर जूटमिल पुलिस की कार्यवाई जारी : 168 पाव अंग्रेजी, देशी शराब के साथ अवैध शराब विक्रेता गिरफ्तार

**रायगढ़**

रायगढ़ में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई में जूटमिल पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन में मुखबिरों की मदद से अवैध शराब की बिक्री पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को सूचना मिली कि राजीव गांधी नगर भजनडीपा निवासी



रोशन लाल लहरे अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी और देशी शराब छिपाकर रखे हुए है।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी और रोशन लाल लहरे से पूछताछ की। आरोपी ने अवैध शराब रखने की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसके कब्जे से 144 पाव अंग्रेजी गोवा और 24 पाव देसी प्लेन, कुल कीमत 20,880 रुपये की शराब (30.240 लीटर) जब्त की गई।

आरोपी रोशन लाल लहरे (36 वर्ष) निवासी मिट्ठुमुड़ा, भजनडीपा, राजीव गांधी नगर, थाना जूटमिल, को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34(2), 59 (क) के तहत कार्रवाई की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, और आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ व शशिभूषण साहू ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकारें प्रतिबद्ध : राहटकर

- महिला स्व सहायता समूह के कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने मिस्ड कॉल के जरिए ली भाजपा की सदस्यता

**रायपुर । आरएनएस**

महिला स्व सहायता समूह के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में गरिमामय आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

इस अवसर पर राहटकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें प्रतिबद्ध हैं। राहटकर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके आत्म-सम्मान की चिंता भाजपा की प्राथमिकता है। भाजपा राष्ट्रीय सचिव राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

इस कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, चन्नी वर्मा, शहर जिला भाजपा महामंत्री सत्यम दुवा, अमर बंसल , अकबर अली, विभा राव आदि ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए बहुआयामी प्रतिभा के धनी पूनम सिंह साहू

- स्कूल प्रवेश उत्सव छत्तीसगढ़ी गीत "स्कूल जाबो" के गीतकार भी हैं पूनम सिंह साहू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन रायपुर में जिले के शिक्षक पूनम सिंह साहू और सुनीता यादव को राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

पूनम सिंह साहू का नाम शिक्षा जगत में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। हाल ही में स्कूल प्रवेश उत्सव के दौरान "स्कूल जाबो" छत्तीसगढ़ी गीत के गीतकार भी हैं। वे शिक्षक के



साथ-साथ योग प्रशिक्षक, स्काउट प्रशिक्षक एवं खेल प्रशिक्षक के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए समाज सेवा के कार्य जुटे हुए हैं। इनके इन विशिष्ट कार्यो एवं उपलब्धि को देखते हुए उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है। उनका जीवन आज भी शिक्षकों के लिए प्रेरणादाई है। बसना तहसील के छोटे से ग्राम बम्हनीनडीह में पूनम साहू पिता रेशम लाल साहू का जन्म हुआ था। वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरजरा विकासखंड बिलाईगढ़ में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। पूरी तरह से बच्चों और स्कूल को अपना जीवन को समर्पित करने वाले इस शिक्षकों की शिक्षक को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षाश्री, राज्यपाल पुरस्कार 2023 के लिए भी सम्मानित होने वालों में बिलाईगढ़ विकासखंड के इकलौते शिक्षक हैं। सृजन गौरव अलंकरण एवं आखर सम्मान जैसे कई पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। इन्होंने स्काउटिंग के क्षेत्र में अपनी योगदान देते हुए बहुत ही कम उम्र में लीडर ट्रेनर बनने का गौरव हासिल की है। राज्य जंबूरी में कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाते हुए करमा नृत्य में गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए इन्हें राज्य शासन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित भी किया जा चुका है। प्रशिक्षण में भाग लेकर छात्रों को न सिर्फ राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार दिलाने में योगदान दिया है बल्कि देश-विदेश की भी यात्राएं की है। अध्यापक, स्काउट प्रशिक्षक के अतिरिक्त योग, तैराकी एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक के रूप में बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप उनके प्रशिक्षित कई बच्चों का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हो चुका है। ग्रामीण बच्चों में तैराकी एवं तीर कमान से खेलने की कला बचपन से होती है। उन खेलों की ओर बच्चों को जोड़ते हुए विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर तैराकी एवं तिरंदाजी के खिलाड़ी तैयार की है। साहित्य सृजन के क्षेत्र में भी इनकी योगदान अविस्मरणीय रहा है। इनकी कविता 'मजदूर की पुकार', करोना तूने ऐसा आतंक ढाया' पत्र पत्रिका में प्रकाशित हो चुका है। उनकी योग दक्षता बैज पर आधारित एक पुस्तक का भी इन्होंने प्रकाशन किया है। जो स्काउट छात्रों के साथ-साथ सामान्य व्यक्तियों के लिए बहुत उपयोगी है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी पूनम सिंह साहू को प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए कई दिनों तक अपने घर परिवार से दूर रहना पड़ता है। उनका कहना है कि उनका एक बैग हमेशा तैयार रहता है क्योंकि प्रशिक्षण देने के लिए कब कहाँ से आदेश आ जाए।